# एक शॉपिंग बैग बनाए

इस वीडियो में हम, बहुत सुंदर, बहु उपयोगी, स्लिंग बैग बनाना सीखेंगे। जब आपके पास एक आकर्षक बैग हो, जिस में आप विभिन्न किस्म का सामान रख पाएं, तब प्लास्टिक कप ना कहना कितना आसान हो जाता है।

तो लगते हैं बनाना, एक सुविधा जनक खूबसूरत बैग। आपको चाहिए:
एक रंग बिरंगा मज़बूत कपड़ा, जिसका पन्ना 18 इंच हो और जो 34 इंच चौड़ा हो।
एक स्लिंग हैंडल, जो सुन्दर और मज़बूत हो, ताकि वो आपकी शॉपिंग का वजन उठा सके, और बहुत सारे बीडेड पिन्स

कपड़े को, चौड़ाई के हिसाब से इस तरह मोडें के सीधी साइड अंदर की तरफ आमने सामने रहे। दोनों तरफ के किनारों को मिला कर बीडेड पिन्स से इस प्रकार जोड़ लें। याद से ऊपरी हिस्सा खुला रखें।

अब कपड़े को मशीन पर सिलने के लिए लाएं।

स्टिच पैटर्न सिलेक्टर को A पर और स्टिच लेंथ को 2 से 3 के बीच में रखें। अब सिलाई शुरू करें।

दोनों सिरों को रिवर्स स्टिच लीवर से जोड़ना ध्यान में रहे। पिन किये हुए हिस्सों को किनारे से पूरा सी लें।

अब धागे काट लें। और सी हुई साइड्स की पिन्स निकाल लें।

अब इस क्रिया को दूसरे सिरे पर दोहराएं।

अब सिली हुई साइड्स की किनार पर ओवर एज स्टिच का प्रयोग करें।

इस के लिए स्टिच पैटर्न सिलेक्टर को C पर, और स्टिच लेंथ सिलेक्टर को 1 पर रखें।

अब कपड़े को फुट के नीचे, ठीक बीचो बिच रखें,  ताकि सुई का छेद स्पष्ट दिखे। सुई कपड़े से किनार तक सही चल रही है, ये चेक करने के लिए बैलेंस व्हील हाथ से घुमाएं। अब ध्यान से इस कच्ची किनारी पर मज़बूत सिलाई चला दें।

कपड़ा निकाल कर दोनों तरफ के अतिरिक्त धागों को काट लें। अगर कोई धागे किनारे से निकल रहे हो तो उन को भी काट दें ताकि किनारे पूरी तरह से साफ हो।

अब ऊपरी किनारे कप मोड़कर हैंडल जोड़ना है।

एक तरफ से मोड़ना शुरू करें। पहले एक चौथाई इंच मोडें, और उसके ऊपर आधा इंच दुबारा मोडें। एक के अंदर, स्लिंग बैग का हैंडल घुसा कर मोड़ दें। और पिन से, सब परतें एक साथ जोड़ दें।

इस प्रकार कपड़े को मोड़ते और पिन लगाते जाएं, जब तक आप दूसरे सिरे तक ना पहुँच जाएं। ध्यान रखें कि बैग के हैंडल में कोई मोड़ न हो। अब हैंडल का दूसरा सिरा भी जोड़ दें। जब सब कुछ मोड़ कर पिन हो जाये, आप सिलने के लिए तैयार हैं।




स्टिच पैटर्न सिलेक्टर को Aपर और स्टिच लेंथ को ढाई पर रखें। अब किनार पर सिलना शुरू करें। और हाँ, पिन्स निकालना भूलियेगा नहीं।

हैंडल को और टिकाऊ और मजबूत बनाने के लिए उसे एक बार फिर, ठीक से, फोल्ड के पास इस तरह से सी लें।

अब सिले हुए हिस्से पर इस्त्री घुमाएँ और अंदर वाली साइड को बाहर की तरफ पलटा क्र बैग सीधा करें। कोनों को नुकीला बनाएं।

अब आप अपनी नयी इनवायरोनमेन्ट फ्रेंडली बैग का इस्तेमाल शॉपिंग में निस्संकोच कर सकते हैं।

तो अब बैग्स बनाइये, और दोस्तों तथा रिश्तेदारों में बांटे। पर्यावरण के लिये ये आपका छोटा क़दम है। और यकीनन इसके लिए आप बहुत तारीफ पाएंगे।